संख्या-47/2380/41-2014-200 सा0/13

प्रेषक,

श्याम मोहन तिवारी
अनुसचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक
पर्यटन उ0प्र0
लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग लखनऊ दिनांक **7** अक्टूबर, 2014

विषय- एल0ए0 वाद सं0-59/01/इरा वाद/18/09 अरूण कुमार वगैरह बनाम कलेक्टर व अन्य एल0ए0 वादों में निर्णीत धनराशि मा0 न्यायालय में जमा कराए जाने के संबंध में वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशालय के पत्र सं0-951/6-1-1(89)/सारनाथ-भूमि/2014, दिनांक 22-09-2014 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सारनाथ में आगन्तुक केन्द्र के निर्माण, मेडीटेशन सेन्टर, स्तूप एवं लैण्ड स्केपिंग कार्य हेतु भूमि के अधिग्रहण/क्रय से संबंधित प्रकरण में मा0 न्यायालय में चल रहे एल0ए0 वाद सं0-59/01/इरा वाद/18/09 अरूण कुमार वगैरह बनाम कलेक्टर व अन्य एल0ए0 वादों में निर्णीत धनराशि मा0 न्यायालय में जमा कराए जाने हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 में रू0-25.00 लाख धनराशि (रूपये पच्चीस लाख मात्र) की वित्तीय स्वीकृति की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष अनुमति निम्नलिखित शर्तों के अधीन प्रदान करते हैं -

1. स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण/व्यय सुसंगत वित्तीय नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।
2. स्वीकृत धनराशि का व्यय किसी अन्य प्रयोजन हेतु कदापि नहीं किया जायेगा।
3. यदि कोई धनराशि बचती है तो उसे तत्काल शासन को समर्पित/राजकोष में जमा कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

3- उक्त के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-44 के लेखाशीर्षक-5452-पर्यटन पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत-80-सामान्य -104- संवर्धन तथा प्रचार- 03- पर्यटक आवास गृहों के लिए भूमि की अध्याप्ति-24-वृहत निर्माण कार्य मद के नामे डाला जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

(4)- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय आदेश संख्या- बी-2457/दस-2014-231/2014, दिनांक-22.07.2014 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन प्रशासकीय विभाग द्वारा निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय

(श्याम मोहन तिवारी)
अनुसचिव।

संख्या-47/2380(1)/41-2014 तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार (सिविल) आडिट, उ0प्र0, सत्य निष्ठा भवन, 15-ए, दयानन्द मार्ग, इलाहाबाद।
2- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3- निजी सचिव, मा0 पर्यटन मंत्री, उ0प्र0 लखनऊ।
4- वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
5- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-7
6- क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी, वाराणसी।
7- श्री राजा राम वेब अधिकारी, पर्यटन विभाग को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इसे वेब-साइट पर अंकित करना सुनिश्चित करें।
9- गार्ड-फाइल।

आज्ञा से,

(श्याम मोहन तिवारी)
अनुसचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in